राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(84)RSSB/अर्थना / वन वि0 / सीधी भर्ती / 2020 / पार्ट–2 / 2778 दिनांकः– 24/5/24

कार्यालय आदेश

वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा–2020

बोर्ड द्वारा वन विभाग राजस्थान के लिए राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा नियम, 2015 तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2014 के अन्तर्गत वनपाल के गैर अनुसूचित क्षेत्र के 100 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 48 कुल 148 रिक्त पदो पर भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 11.11.2020 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 11.03.2022 व 21.12.2022 को विज्ञप्ति जारी की गई थी। बोर्ड द्वारा दिनांक 13.04.2023 को परिणाम जारी कर 02 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच हेतु सूचीबद्ध किया गया था। बोर्ड के कार्यालय आदेश दिनांक 21.07.2023 एवं 22.12.2023 द्वारा पात्रता की जांच के पश्चात पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से श्रेणीवार रिक्त पदों के अनुसार वरियता के आधार पर गैर अनुसूचित क्षेत्र में 87 एवं अनुसूचित क्षेत्र में 48 कुल 135 अभ्यर्थियो का अंतिम से रूप चयन किया जा चुका है।

वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा–2020 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा डीबी सिविल रिट याचिका सं0 4784 / 2023 में पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 24.04.2023 की पालना में गैर अनुसूचित क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिको का अन्तिम परिणाम जारी नही किया गया था जिसमें अब उक्त रिट याचिका में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 24.04.2024 में उक्त रिट याचिका को खारिंज कर दिया गया है। अतः वनपाल के पदों पर भूतपूर्व सैनिको के गैर अनुसूचित क्षेत्र में 11 अभ्यर्थियों की वरीयता के आधार पर श्रेणीवार अंतिम चयन किया गया है। शेष 02 पद माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से रिक्त रखे गये है।

बोर्ड द्वारा अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची नियुक्ति हेतु वन विभाग, जयपुर को अभिस्तावित की जा रही है। अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के रोल नम्बर एवं कट–ऑफ मार्क्स निम्नानुसार हैः–

गैर अनुसूचित क्षेत्र (रोल नं0):–

273669 294031 296319 433765 459147 530988 534651 542660 553363 597344 606310******

(CUT OFF MARKS)

(HORIZONTAL CUT OFF)

CATEGORY	CUT OFF MARKS	DOB
EXSERVICEMAN	55.2189	02-02-1982

24.5.24

(डॉ.0 बी.सी. बधाल)
सचिव